# मन की शांति ही तन का योग सादृश्य...

## यही है आर्ट ऑफ लिविंग : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

**भोपाल, 24 मई . मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि हमने कभी दुनिया को हथियारों के बल पर जीतने की चेष्ठा नहीं की. हमने विश्वशक्ति नहीं, विश्वगुरु बनने का मार्ग चुना है. हमने हमेशा सबके सुख की कामना की है और वैश्विक कल्याण का नारा दिया है.**



मुख्यमंत्री ने कहा कि मन की शांति ही तन के योग सादृश्य है. जब मन शांत होता है, तभी शरीर सही संतुलन, स्वास्थ्य और सामंजस्य में रहता है. यही आर्ट ऑफ लिविंग है. 'वसुधैव कुटुम्बकम' हमारी संस्कृति का मूल है और श्री श्री रविशंकर जी इसी संदेश को पूरे विश्व में प्रसारित कर रहे हैं. श्री श्री ने दुनिया के लाखों-करोड़ों लोगों को तनाव से मुक्ति दिलाकर शांत, स्वस्थ और सुखी जीवन का मार्ग दिखाया है. मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने रविवार को कर्नाटक राज्य में आर्ट ऑफ लिविंग के इंटरनेशनल सेन्टर, उदयपुरा, बैंगलुरू में श्री श्री रविशंकर के 70वें जन्मोत्सव एवं आर्ट ऑफ लिविंग के 45 वर्ष पूर्ण होने पर आयोजित वैश्विक सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे.

मुख्यमंत्री ने श्री श्री रविशंकर से कहा कि वे मध्यप्रदेश की साढ़े आठ करोड़ जनता की ओर से उन्हें जन्मोत्सव की अनंत और अशेष मंगलकामनाएं देने स्वयं यहां (उदयपुरा) आए हैं. उन्होंने कहा कि बीते 7 दशक की श्री श्री की ऊर्जा और करुणा इस व्यस्त और ऊथल पुथल के दौर में भी हर दिन नई और चिरयुवा है. मुख्यमंत्री ने कहा कि आर्ट ऑफ लिविंग इस विश्व को श्री श्री की देन है. यह सेवा, साधना और शांति का परम संगम है. आर्ट ऑफ लिविंग पवित्र श्रीमद्भगवद्गीता में बताये गये निष्काम कर्मयोग और जीवन को एक उत्सव की तरह जीने की कला का सहज मार्ग है, एक नव वैश्विक स्वरूप है. उन्होंने कहा कि आर्ट ऑफ लिविंग सिर्फ जीवन जीने की कला नहीं, जीवन को सार्थक बनाने का मार्ग भी है. मुख्यमंत्री ने कहा कि आर्ट ऑफ लिविंग ने योग, प्राणायाम, ध्यान और भारतीय संस्कृति की मूल भावना से जोड़कर लोगों को आत्मिक शांति प्रदान की है.

### पेयजल संकट पर सरकार सख्त

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने प्रदेश में बढ़ती गर्मी और पेयजल संकट को देखते हुए जल प्रदाय व्यवस्था से जुड़े सभी विभागों को सख्त निर्देश जारी किए हैं. मुख्यमंत्री के निर्देश पर पेयजल व्यवस्था से जुड़े नगरीय निकाय, पंचायत, पीएचई और जल निगम के समस्त अमले के अवकाश पर तत्काल प्रभाव से प्रतिबंध लगा दिया गया है. केवल अपरिहार्य परिस्थितियों में ही छुट्टी स्वीकृत की जाएगी. मुख्य सचिव अनुराग जैन ने रविवार को सभी कलेक्टरों, नगर निगम, पंचायत, पीएचई और जल निगम अधिकारियों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए समीक्षा बैठक की. उन्होंने निर्देश दिए कि हर जिले में सेंट्रल कंट्रोल रूम स्थापित किया जाए और पेयजल उपलब्धता की प्रतिदिन समीक्षा हो. कलेक्टरों को जल संकट वाले क्षेत्रों में टैंकरों के माध्यम से नियमित जल आपूर्ति सुनिश्चित करने तथा किसी भी प्रकार की अनियमितता पर सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए हैं. मुख्य सचिव ने कहा कि टैंकरों के दुरुपयोग पर विशेष निगरानी रखी जाए और यह सुनिश्चित किया जाए कि हर बसाहट तक समय पर पानी पहुंचे. उन्होंने अधिकारियों से जनप्रतिनिधियों के साथ समन्वय बनाकर शिकायतों का त्वरित निराकरण करने को कहा. साथ ही सीएम हेल्पलाइन और लोक सेवा गारंटी से जुड़ी शिकायतों को प्राथमिकता से हल करने के निर्देश दिए गए.

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा है कि आर्ट ऑफ लिविंग अंतरराष्ट्रीय केंद्र, बेंगलुरु आकर देवलोक जैसा आनंद प्राप्त हो रहा है. भारतीय संस्कृति में भाषाओं का गुलदस्ता है. भाषा कोई भी हो, लेकिन चेहरे के भाव से ही बहुत कुछ स्पष्ट हो जाता है. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में अयोध्या में प्रभु श्रीराम का भव्य मंदिर बन गया है. गुजरात के सोमनाथ में गुरुदेव श्री श्री के आशीर्वाद से सोमनाथ उत्सव भी मनाया जा रहा है. उन्होंने कहा कि हमारी प्रत्येक सांस के साथ जीवन और मृत्यु साथ-साथ चलती है. दोनों परमपिता परमात्मा के हाथ में है. श्रीश्री रविशंकर जी ने 70वें जन्मदिन के अवसर पर 20 दिवसीय उत्सव मनाने का निर्णय लिया है. संपूर्ण विश्व से श्रद्धालु स्वयं से साक्षात्कार करने के लिए बेंगलुरु स्थित इस केंद्र में आते हैं. हमारी संस्कृति में हमारे गुरु ही हमें अंधेरे से प्रकाश की ओर लेकर जाते हैं. हमारा जीवन यत् पिंडे तत् ब्रह्मांडे यानी जैसा पिंड है, वैसा ही ब्रह्मांड है की अवधारणा पर चलता है.



## संगठन मजबूती पर जोर : खण्डेलवाल

**पन्ना/भोपाल, 24 मई.भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक हेमंत खण्डेलवाल ने रविवार को पन्ना में जिला पदाधिकारियों, मोर्चा जिला अध्यक्षों और मंडल अध्यक्षों की बैठक को संबोधित किया. उन्होंने कहा कि भाजपा केवल राजनीतिक संगठन नहीं, बल्कि राष्ट्रसेवा के संकल्प के साथ कार्य करने वाला परिवार है. सेवा, समर्पण और संस्कार भाजपा की मूल पहचान हैं, जिनके कारण पार्टी विश्व की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी बनी है.**

उन्होंने कहा कि नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार और मोहन यादव के नेतृत्व में राज्य सरकार हर वर्ग के कल्याण के लिए कार्य कर रही है. पार्टी कार्यकर्ताओं को अंतिम पंक्ति के अंतिम व्यक्ति तक जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाने के लिए निरंतर कार्य करना चाहिए.

बैठक को भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष एवं सांसद विष्णुदत्त शर्मा ने भी संबोधित किया. जिला अध्यक्ष बृजेन्द्र मिश्रा ने जिले की संगठनात्मक गतिविधियों की जानकारी दी.

प्रदेश अध्यक्ष खण्डेलवाल ने कहा कि भाजपा कार्यकर्ता राष्ट्रहित को सर्वोपरि मानकर समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचने का कार्य करते हैं. उन्होंने बूथ, मंडल और शक्ति केंद्रों को मजबूत करने पर विशेष जोर देते हुए कहा कि कार्यकर्ताओं की मेहनत और समर्पण से ही संगठन लगातार मजबूत हो रहा है.

उन्होंने कहा कि वर्ष 2047 तक आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को साकार करने के लिए सभी कार्यकर्ताओं को अथक मेहनत करनी होगी. साथ ही जिला प्रशिक्षण वर्गों को कार्यकर्ताओं के आत्मविश्वास और वैचारिक मजबूती का आधार बताते हुए कहा कि भाजपा में व्यक्ति नहीं, संगठन सर्वोपरि होता है. बैठक में प्रदेश महामंत्री गौरव रणदिवे, विधायक बृजेन्द्र प्रताप सिंह, जिला पंचायत अध्यक्ष मीना राजे, नगर पालिका अध्यक्ष मीना पाण्डेय सहित कई पदाधिकारी उपस्थित रहे.

## हनी ट्रैप मामले में छत्तीसगढ़ के एक आला अधिकारी का नाम चर्चा में

**नव भारत न्यूज**

**इंदौर, 24 मई . चर्चित हनी ट्रैप-2 मामले में जांच के दौरान एक बड़ा एंगल सामने आया है. डिजिटल साक्ष्यों और मोबाइल डाटा की जांच के बीच छत्तीसगढ़ के एक आला अधिकारी का नाम चर्चा में आने से मामला और संवेदनशील हो गया है. हालांकि इस संबंध में अभी तक किसी भी स्तर पर आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है.**

सूत्रों के मुताबिक आरोपियों के मोबाइल और इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस से मिले डेटा में कुछ और हाईप्रोफाइल संपर्कों के संकेत

### जांच एजेंसियां सतर्क



मिले हैं. जिसके तहत छत्तीसगढ़ के एक वरिष्ठ अधिकारी तक कनेक्शन जुड़ने की बात सामने आ रही है, जिसे लेकर जांच एजेंसियां बेहद सतर्कता से आगे बढ़ रही हैं.

जांच से जुड़े अधिकारियों का कहना है कि पूरा मामला फिलहाल फॉरेंसिक और तकनीकी सत्यापन के चरण में है. किसी भी नाम या भूमिका को अंतिम रूप से तभी माना जाएगा जब डिजिटल साक्ष्यों की पुष्टि पूरी हो जाएगी. एजेंसियां यह भी खंगाल रही हैं कि यह नेटवर्क किन-किन जगहों पर सक्रिय था और किस स्तर तक इसकी पहुंच रही है. मामले में डीसीपी राजेश त्रिपाठी ने बताया कि फिलहाल हर पहलू की बारीकी से पड़ताल की जा रही है. आने वाले दिनों में इस मामले में और महत्वपूर्ण तथ्य सामने आने की संभावना जताई जा रही है. चूकिं मामले में जांच चल रही हैं, इसलिए इससे ज्यादा कुछ नहीं बताया जा सकता है.

## 705 पेटी बीयर जब्त आरोपी गिरफ्तार

**धार, 24 मई.** धार जिले में टांडा थाना पुलिस ने अवैध शराब तस्करी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए पंजाब से गुजरात ले जाई जा रही 705 पेटी बीयर जब्त कर एक आरोपी को गिरफ्तार किया है. पुलिस सूत्रों के अनुसार विशेष अभियान के तहत मुखबिर से सूचना मिली थी कि एक ट्रक के जरिए भारी मात्रा में अवैध बीयर की तस्करी की जा रही है. सूचना के आधार पर टांडा पुलिस ने कुक्षी पुलिस, राजगढ़ पुलिस और साइबर सेल की टीम के साथ इंदौर-अहमदाबाद मार्ग पर घेराबंदी कर संदिग्ध आयशर ट्रक क्रमांक पीबी-07 बीआर-4987 को रोका. तलाशी के दौरान ट्रक से अलग-अलग ब्रांड की 705 पेटी बीयर बरामद की गई.

## महिला को मारने वाले बाघ की रेस्क्यू के उपरांत मौत

**उमरिया, 24 मई. जिले स्थित बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व के पनपथा खेरवा टोला में शनिवार देर रात महिला पर हमला कर उसकी जान लेने वाले बाघ की आज रेस्क्यू के उपरांत मौत हो गई.**

बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व के सूत्रों ने बताया कि पार्क की टीम ने पनपथा खेरवा टोला में महिला को मौत के घाट उतारने वाले बाघ का सफल रेस्क्यू कर उसे पिंजरे में कैद कर लिया था और महिला के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया था. परंतु रेस्क्यू के बाद जब पिंजरे को कैम्प में ले जाकर खोला गया तो बाघ नहीं उठा. परीक्षण करने पर उसकी मौत होना पाया गया.



वन्य प्राणी विशेषज्ञों का कहना है कि भीषण गर्मी और रेस्क्यू के दौरान ट्रैंक्युलाइजेशन में दिए गए अधिक डोज के कारण बाघ की मौत हुई है. हालांकि बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व के सूत्रों ने कहा कि बाघ की मौत का स्पष्ट कारण पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही सामने आएगा.

गौरतलब है कि शनिवार देर रात यह बाघ घर में सो रही 48 वर्षीय फूलबाई पाल को उठाकर ले गया था, जिससे उनकी मौत हो गई. महिला को बचाने के प्रयास में परिवार के चार सदस्य गंभीर रूप से घायल हो गए, जिनका उपचार मानपुर अस्पताल में जारी है.

### सीएम ने दी मृतक के परिजन को 25 लाख रुपये की आर्थिक सहायता के दिए निर्देश

**भोपाल, 24 मई.** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने बांधवगढ़ राष्ट्रीय उद्यान अंतर्गत ग्राम खेरवा टोला, जिला उमरिया में बाघ के हमले में एक महिला की मृत्यु और कुछ नागरिकों के घायल होने पर दुःख व्यक्त किया. उल्लेखनीय है कि फुलबाई पति पहलू पाल की दुःखद हादसे में मृत्यु हो गई. मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने संवेदनाएं व्यक्त करते हुए हमले में मृतक के परिजन को 25 लाख रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान करने के निर्देश दिए हैं. घायलों के निःशुल्क उपचार और आवश्यक मुआवजा उपलब्ध कराने के लिए भी निर्देशित किया गया है. मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सोशल मीडिया पर जारी संदेश में बाबा महाकाल से दिवंगत की आत्मा की शांति और घायलों के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की प्रार्थना की है.

## पति ने की पत्नी की हत्या

▶ बाद में खुद भी जहर खाकर दी जान

**इंदौर, 24 मई. शहर के मेघदूत नगर इलाके में चरित्र शंका और कथित प्रेम प्रसंग के विवाद ने एक परिवार को खत्म कर दिया. एक युवक ने पहले अपनी पत्नी की हत्या कर दी और बाद में खुद भी जहर खाकर आत्महत्या कर ली. इस दर्दनाक घटना के समय उनकी मासूम बेटी भी कमरे में मौजूद थी. बच्ची के लगातार रोने की आवाज सुनकर पड़ोसियों को वारदात की जानकारी मिली.**

पुलिस के अनुसार मेघदूत नगर निवासी हल्के वीर पटेल ने अपनी पत्नी रोशनी की हत्या कर दी. हल्के वीर पीथमपुर की एक कंपनी में काम करता था और मूल रूप से होशंगाबाद का रहने वाला था. उसकी शादी रोशनी से पांच साल पहले हुई थी. प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि पति को पत्नी के कथित प्रेम संबंधों पर शक था. इसी बात को लेकर दोनों के बीच लंबे समय से विवाद चल रहा था. बताया जा रहा है कि



रोशनी का पीथमपुर निवासी सतीश साहू से संपर्क था. शनिवार को हल्के वीर अपने एक रिश्तेदार के साथ सतीश से मिलने भी गया था.

वहां से लौटने के बाद पति-पत्नी के बीच फिर विवाद हुआ. रविवार सुबह दोनों अपने कमरे में मृत मिले. पुलिस को मौके से एक सुसाइड नोट भी मिला है, जिसमें हल्के वीर ने पत्नी द्वारा धोखा देने और दूसरे युवक से प्रेम करने की बात लिखी है. उसने नोट में दोनों के जहर खाने का जिक्र किया, लेकिन रोशनी के गले पर निशान मिलने से पुलिस को हत्या की आशंका है. प्रारंभिक जांच में गला दबाकर हत्या किए जाने की बात सामने आई है. सुबह बच्ची के रोने की आवाज सुनकर पड़ोसी घर पहुंचे तो दोनों के शव फर्श पर पड़े मिले. सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची.

### स्टेशनों पर वाटर वेंडिंग मशीन का निरीक्षण

**भोपाल, 24 मई.** विश्व पर्यावरण संरक्षण और सिंगल यूज़ प्लास्टिक उन्मूलन के उद्देश्य से भोपाल मंडल के विभिन्न रेलवे स्टेशनों पर रविवार को जल पुनर्भरण केंद्रों का विशेष निरीक्षण अभियान चलाया गया. यह अभियान मंडल के इंजीनियरिंग और वाणिज्य विभाग द्वारा संयुक्त रूप से संचालित किया गया. अभियान के दौरान रेलवे स्टेशनों पर स्थापित वाटर रिफिल पॉइंट्स, पेयजल सुविधाओं और स्वच्छता व्यवस्था का निरीक्षण किया गया. अधिकारियों ने यह सुनिश्चित किया कि यात्रियों को स्वच्छ और सुगम पेयजल सुविधा उपलब्ध हो सके.

### कौशल प्रशिक्षण के आवेदन शुरू

**भोपाल.** मध्यप्रदेश खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड ने वर्ष 2026-27 के कौशल विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम के लिए ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया शुरू कर दी है. इच्छुक अभ्यर्थी 12 जून 2026 तक की आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर आवेदन कर सकते हैं. योजना के तहत प्रदेश के प्रत्येक जिले में सामान्य रूप से 30 प्रशिक्षणार्थियों का चयन किया जाएगा.

## दिल्ली कैपिटल्स ने कोलकाता नाइट राइडर्स को 40 रनों से हराया

**कोलकाता।** दिल्ली कैपिटल्स ने रविवार को कोलकाता नाइट राइडर्स को आईपीएल के आखिरी लीग मुकाबले में 40 रनों से हराया। दिल्ली कैपिटल्स ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 5 विकेट खोकर 203 रन बनाए। इसके जवाब में कोलकाता की टीम 18.4 ओवर में 163 रन ही बना सकी। कोलकाता के लिए कप्तान अजिंक्य रहाणे ने सर्वाधिक 63 रन बनाए।

कोलकाता नाइट राइडर्स ने इसके जवाब में अच्छी शुरुआत की। फिन एलन ने 13 गेंद में 20, मनीष पांडे ने 16 गेंद में 25 रन का योगदान दिया। कैमरन ग्रीन दो रन ही बना सके। रहाणे ने 39 गेंद में 63 रन बनाए। रिंकू सिंह खाता नहीं खोल सके। वहीं तेजस्वी ने एक रन बनाए।

दिल्ली कैपिटल्स ने रविवार को ईडन गार्डन्स में पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 5 विकेट खोकर 205 रन बनाए। दिल्ली कैपिटल्स ने पहले बैटिंग करते हुए अच्छी शुरुआत की। अभिषेक पोरेल और केएल राहुल के बीच पहले विकेट के लिए 40 रन की साझेदारी हुई। अभिषेक 18 गेंद में 22 रन बनाकर आउट हुए। साहिल ने 17 गेंद में 24 रन का योगदान दिया। केएल राहुल 30 गेंद में 60 रन बनाकर अनुकूल रॉय का शिकार बने। कप्तान अक्षर पटेल 25 गेंद में 39 रन बनाकर पवेलियन लौटे। डेविड मिलर ने 19 गेंद में 28 रन की दमदार पारी खेली। केकेआर के गेंदबाजों में बाएं हाथ के तेज गेंदबाज सौरभ दुबे सबसे सफल रहे जिन्होंने 28 रन देकर दो विकेट लिए।

कोलकाता नाइट राइडर्स और दिल्ली कैपिटल्स के बीच आईपीएल 2026 का 70वां मुकाबला रविवार को ईडन गार्डन्स में हुआ। कप्तान अजिंक्य रहाणे ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। कोलकाता नाइट राइडर्स के पास आईपीएल प्लेऑफ में पहुंचने के रास्ते बंद हो चुके हैं क्योंकि राजस्थान रॉयल्स ने अपने आखिरी लीग मुकाबले में मुंबई इंडियंस को हराकर आईपीएल प्लेऑफ में जगह बना ली है। राजस्थान के 14 मैचों में 16 अंक हो गए हैं, जबकि कोलकाता के मैच जीतने के बाद भी 15 अंक ही होंगे। कोलकाता की टीम पॉइंट्स टेबल में छठे स्थान पर है।

### कोलकाता-दिल्ली प्लेइंग इलेवन

कोलकाता नाइट राइडर्स (प्लेइंग इलेवन): अजिंक्य रहाणे (कप्तान), मनीष पांडे, कैमरन ग्रीन, रोवमैन पॉवेल, रिंकू सिंह, तेजस्वी दहिया (विकेटकीपर), अनुकूल रॉय, सुनील नरेन, सौरभ दुबे, वरुण चक्रवर्ती, कार्तिक त्यागी

दिल्ली कैपिटल्स (प्लेइंग इलेवन): अभिषेक पोरेल, केएल राहुल (विकेटकीपर), साहिल पारख, ट्रिस्टन स्टब्स, डेविड मिलर, अक्षर पटेल (कप्तान), आशुतोष शर्मा, माधव तिवारी, औकिब नबी डार, मिशेल स्टार्क, लुंगी एनगिडी



## हादसे में दो जैन साध्वियों की मौत पर मचा बवाल

▶ जैन समाज ने उठाई एसआईटी जांच की मांग

▶ रीवा से 270 कि.मी दूर से गिरफ्तार हुए कार चालक

**रीवा, 24 मई. मध्यप्रदेश के रीवा में जैन साध्वियों के साथ हुए दर्दनाक सड़क हादसे ने पूरे जैन समाज को झकझोर दिया है. कलेक्ट्रेट के सामने पैदल विहार कर रही तीन जैन साध्वियों को एक तेज रफ्तार कार ने कुचल दिया. हादसे में दो साध्वियों की मौत हो गई, जबकि एक अन्य साध्वी गंभीर रूप से घायल हैं और उनका इलाज संजय गांधी अस्पताल में जारी है. घटना के बाद प्रदेशभर में शोक और आक्रोश का माहौल है.**

पुलिस और प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार तीनों साध्वियां धार्मिक नियमों के तहत सड़क किनारे पैदल विहार कर रही थीं. तभी अचानक तेज रफ्तार कार ने उन्हें टक्कर मार दी. हादसा इतना भीषण था कि पूज्य श्रुति मति माता ने मौके पर ही दम तोड़ दिया, जबकि उपसमिति माता ने अस्पताल में इलाज के दौरान अंतिम सांस ली. तीसरी साध्वी आर्यिका माता की हालत अब भी नाजुक बनी हुई है.

हादसे के बाद आरोपी चालक रशीद आबाद अली शाह मौके से फरार हो गया. पुलिस ने रीवा से मिले इनपुट के आधार पर लगभग 270 किलोमीटर दूर जबलपुर के बहोरीपार टोल प्लाजा से आरोपी को गिरफ्तार कर लिया. मामले की गंभीरता को देखते हुए प्रशासनिक अधिकारियों और पुलिस के वरिष्ठ अफसरों ने अस्पताल और घटनास्थल का निरीक्षण किया. घटना के बाद जैन समाज में भारी नाराजगी देखी जा रही है. समाज के लोगों ने इस मामले की उच्च स्तरीय न्यायिक जांच या एसआईटी जांच की मांग उठाई है. साथ ही साधु-संतों की सुरक्षा के लिए राष्ट्रीय स्तर पर 'संत सुरक्षा नीति' लागू करने की मांग भी की गई है. समाज का कहना है कि यदि मामले में किसी साजिश की पुष्टि होती है तो दोषियों को कठोर सजा दी जाए.

### आज देशभर में प्रदर्शन

घटना के विरोध में 25 मई को देशभर में प्रदर्शन किए जाएंगे. खंडवा में सकल जैन समाज की ओर से विशाल मौन रैली निकाली जाएगी. रैली के बाद प्रधानमंत्री, गृह मंत्री और मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा जाएगा.

**मजिस्ट्रियल जांच शुरू** | मजदूरों का आरोप – एक बाल्टी भरकर सिक्के छिपाए, शिक्षक ने किया इनकार

## दमोह में पिलर की खुदाई में मिले 102 चांदी के सिक्के

**नवभारत न्यूज**
**(विनय असाटी)**

**दमोह, 24 मई .शहर के फुटेरा वार्ड क्रमांक 3, यशवंत चौक स्थित शासकीय शिक्षक आलोक सोनी के पैतृक मकान में पिलर की खुदाई के दौरान चांदी के सिक्के मिलने से हड़कंप मच गया.पहले 42 सिक्के मिले, फिर बाद में 60 ऐसे कुल संख्या 102 तक पहुंच गई.सिक्कों के साथ एक पीतल का पात्र भी बरामद हुआ है.**

मजदूरों ने दावा किया कि खुदाई में करीब 35 किलो चांदी के सिक्के एक बाल्टी भरकर निकले थे, जिन्हें मकान मालिक



ने छिपा लिया.हिस्सा न मिलने पर मजदूरों ने शनिवार रात पुलिस को सूचना दी थी. रविवार दोपहर पुलिस टीम मौके पर पहुंची और जांच शुरू की.मामले की गंभीरता को देखते हुए कलेक्टर प्रताप नारायण यादव व पुलिस अधीक्षक आनंद कलादगी (आईपीएस) ने तत्काल तहसीलदार रॉबिन जैन, रघुनंदन चतुर्वेदी, टीआई कोतवाली मनीष कुमार और पुरातत्व विभाग शुभम अरजरिया की टीम भी मौके पर पहुंची.मजिस्ट्रियल जांच शुरू कर दी गई है. बरामद सिक्के ब्रिटिशकालीन बताए जा रहे हैं, जिन पर महारानी विक्टोरिया की तस्वीर अंकित है.प्रशासन ने सभी सिक्के और पात्र जब्त कर कोषालय में जमा कर दिए हैं. ट्रेजर ट्रोव एक्ट 1878 के तहत जांच की जा रही है कि सिक्के कितने पुराने हैं और इनका ऐतिहासिक महत्व क्या है. फिलहाल शिक्षक आलोक सोनी से भी पूछताछ की जा रही है.

## 300 फीट लंबी चुनरी सीएम करेंगे अर्पित

**भोपाल, 24 मई. मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने गंगा दशहरा के पावन अवसर पर प्रदेशभर में जल संरक्षण को जनआंदोलन बनाने का आह्वान किया है.**

उन्होंने कहा कि पारंपरिक जल स्त्रोतों का संरक्षण वर्तमान और भविष्य की सबसे बड़ी आवश्यकता है और इसमें समाज के हर वर्ग की भागीदारी जरूरी है. इसी उद्देश्य से 25 मई को पूरे मध्यप्रदेश में 'जल गंगा संवर्धन अभियान' के तहत व्यापक जल संरक्षण गतिविधियां और सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे.



मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश के ग्रामीण और नगरीय क्षेत्रों में कुओं, बावड़ियों, तालाबों, नहरों और घाटों की साफ-सफाई के साथ बंद पड़े बोरवेल के पास रिचार्ज पिट निर्माण जैसे कार्यों में श्रमदान कराया जाएगा. गंगा दशहरा के अवसर पर उज्जैन में 25 और 26 मई को दो दिवसीय भव्य 'शिप्रा तीर्थ परिक्रमा' का आयोजन किया जाएगा.